प्रेषक

अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
जालौन।

सेवा में

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

पत्रांक :– 1118 / एम– 49 / 63 दिनांकः–06.05.2026

विषयः– ई–समाचार पत्र दैनिक भास्कर जालौन दिनांक 04.05.2026 में प्रकाशित समाचार का शीर्षक "मई के आखिरी तक पूर्ण कराएं रोड रेस्टोरेशन का कार्य" के माध्यम से प्राप्त शिकायत के निस्तारण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक ई–समाचार पत्र दैनिक हिन्दुस्तान जालौन दिनांक 04.05.2026 में प्रकाशित समाचार का शीर्षक "**मई के आखिरी तक पूर्ण कराएं रोड रेस्टोरेशन का कार्य**" में जिलाधिकारी महोदय, जालौन के द्वारा जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पाइप लाइन बिछाए जाने हेतु तोड़ी गई सड़कों की पुनर्स्थापना का कार्य 31.05.2026 तक पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देश किया गया है। उक्त प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जनपद जालौन में कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी मै0 बी0जी0सी0सी0 एवं मै0 जी0वी0पी0आर0 द्वारा सला, रायपुरा, मढ़ेपुरा, कोटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना एवं 256 नलकूप आधारित पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत कार्य कराया जा रहा है। मै0 जी0वी0पी0आर0 द्वारा सला ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाए जाने हेतु 496 कि0मी0 सड़के तोड़ी गई थी, जिसके सापेक्ष 495 कि0मी0 सड़कों की पुनर्स्थापना का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा 210 पिट/गड्ढ़े मरम्मत का कार्य शेष है, जिसे एजेन्सी के माध्यम से 31.05.2026 पूर्ण कराया जाना लक्षित है तथा आवश्यक संख्या में मैन पावर व मशीनरी लगाकर कार्य कराया जा रहा है।

मै0 बी0जी0सी0सी0 द्वारा रायपुर, मढ़ेपुरा, कोटा ग्राम समूह पेयजल योजना एवं 256 नलकूप आधारित पेयजल योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाए जाने हेतु 1453 कि0मी0 सड़के तोड़ी गई थी, जिसके सापेक्ष 1106 कि0मी0 सड़कों की पुनर्स्थापना का कार्य किया जा चुका है, तथा 347 कि0मी0 सी0सी0/बी0ओ0ई0/इण्टरलॉकिंग रोड रेस्टोरेशन तथा 2450 पिट/गड्ढ़े मरम्मत का कार्य शेष है, जिसे एजेन्सी के माध्यम से 31.05.2026 पूर्ण कराया जाना लक्षित है तथा आवश्यक संख्या में मैन पावर व मशीनरी लगाकर कार्य कराया जा रहा है।

खण्ड कार्यालय के सहायक अभियन्ता एवं जूनियर इंजीनियर को स्थलीय निरीक्षण कर कार्य पूर्ण गुणवत्ता एवं समयान्तर्गत किये जाने हेतु नियमित अनुश्रवण किए जाने हेतु तथा उक्त का अनुपालन किये जाने हेतु कार्यकारी फर्म को निर्देशित किया जा रहा है।

भवदीय

(ए0के0 गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 व दिनांक–यथोपरि

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी महोदय, जालौन।
2. अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, जालौन।
3. जिला सूचना अधिकारी, जालौन।
4. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर।

अधिशासी अभियन्ता



CamScanner

विज्ञापन

# मई के आखिरी तक पूर्ण कराएं रोड रेस्टोरेशन का कार्य

विज्ञापन

May 04, 2026 11:12 pm IST

**Newswrap** **हिन्दुस्तान**, उरई

Preferred

Orai News - उरई के डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि मई तक

हिन्दुस्तान
Sun, May 10, 2026
फोटो फोटो | वीडियो वीडियो | शहर चुनें | epaper ई-पेपर | साइन इन | यहाँ लिखें
होम | राज्य | ELECTION 2026 | देश | Voice Of UP | IPL 2026 | मनोरंजन | बिजनेस | करियर | विदेश | धर्म | काम

फोटो गैलरी



उरई। डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक लेकर जल जीवन मिशन की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि मई तक रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण कराने के साथ ही लंबित गांवों में जलापूर्ति शीघ्र शुरू कराई जाए। डीएम ने बैठक के दौरान प्रत्येक गांव में निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, अधिशासी अभियंता व कार्यदाई संस्था को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान सामने आया कि विभिन्न पैकेजों में पाइपलाइन बिछाने के बाद कई स्थानों पर सड़कें क्षतिग्रस्त हैं और उनका रोड रेस्टोरेशन कार्य अभी भी लंबित है, जिससे आमजन को असुविधा हो रही है।

वायरल खबरें

Story continues below advertisement

**ये भी पढ़ें:** एक्सईएन बढ़ाएं मजदूरों की संख्या, दुरुस्त कराएं खुदी सड़कें

इस पर डीएम ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सभी शेष गांवों में प्राथमिकता के आधार पर रोड रेस्टोरेशन का कार्य तत्काल पूर्ण कराया जाए। समीक्षा में यह भी पाया गया कि जीवीपीआर के 212 गाँव के सापेक्ष 26 गांवों में जलापूर्ति अभी शुरू नहीं हो सकी है। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि लंबित गांवों में निर्धारित मानव संसाधन लगाकर कार्य में तेजी लाई जाए और शीघ्र ही शेष ग्रामों में जलापूर्ति प्रारंभ की जाए। जहां कहीं पाइपलाइन लीकेज, अधूरे कनेक्शन या तकनीकी बाधाएं हैं, उन्हें अभियान चलाकर तत्काल दूर कर लम्बित कार्य हर हाल में पूर्ण किया जाए। एडीएम एवं अधिशासी अभियंता नियमित रूप से प्रतिदिन आकस्मिक रूप से ग्रामों का भ्रमण कर जलापूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित कराए । अभियंताओं के शिथिल पर्यवेक्षण पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि एडीएम नमामि गंगे, संबंधित एसडीएम और बीडीओ नियमित रूप से गांवों का स्थलीय निरीक्षण करें और जलापूर्ति कार्यों की वास्तविक स्थिति की निगरानी स्वयं करें। विद्युत आपूर्ति की समीक्षा करते हुए ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि सला पेयजल परियोजना के सभी 11 प्वाइंट्स पर रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि इन सभी प्वाइंट्स पर रोस्टर तैयार कर उसे अंकित किया जाए जिसमें यह दर्शाया जाए कि प्रत्येक स्थान पर प्रतिदिन कितने घंटे विद्युत आपूर्ति की जा रही है जिससे किसी भी दशा में जलापूर्ति बाधित न हो। डीएम ने कहा कि प्रत्येक गांव में रोड रेस्टोरेशन पूर्ण होने के साथ-साथ उसकी गुणवत्ता की जाँच भी की जानी आवश्यक है। सभी बीडीओ और एसडीएम यह सुनिश्चित करें की शेष रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाए साथ ही कार्यों की दैनिक समीक्षा करते हुए प्रगति में तेजी लाई जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। जांच में यह भी सामने आया कि 264 ग्राम पंचायतों में लगभग 240 किलोमीटर सड़क निर्माण अभी अवशेष है। इस पर जिलाधिकारी ने कार्यदायी एजेंसियों जीवीपीआर एवं बीजीसीसी को निर्देश दिए कि मई माह तक प्रत्येक ग्राम पंचायत में सड़क पुनर्निर्माण का कार्य अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए।निर्धारित

अवधि में कार्य ना करने या शिथिलता बरतने वाली कंपनी के विरुद्ध नोटिस जारी कर उनके अनुबंध निरस्त करने की कार्यवाही की संस्तुति भी की जाएइस अवसर पर एडीएम नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, एसडीएम नेहा ब्याडवाल, अधिशाषी अभियंता अंचल गुप्ता समेत कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे।

**Voice of UP 🎤: यूपी का सबसे बड़ा Talent Contest— Register करो, talent दिखाओ ✨ Download App**

लेखक के बारे में
**Hindustan**
हिन्दुस्तान भारत का प्रतिष्ठित समाचार पत्र है। इस पेज पर आप उन खबरों को पढ़ रहे हैं, जिनकी रिपोर्टिंग अखबार के रिपोर्टरों ने क...और पढ़ें

लेटेस्ट Hindi News, बॉलीवुड न्यूज, बिजनेस न्यूज, टेक, ऑटो, करियर, और राशि

**You May Like**

**Indians over 65 are switching from hearing aids to this new device.**
Recommended by audiologist
Hearing Aids Learn More

**Kanpur: Best Public Speaking Course for Children**
Start Your Child's English Transformation Now!
Planet Spark Learn More

**'उनका पतन उनके कर्मों का फल है', मौसमी चटर्जी ने बताया राजेश खन्ना के स्टारडम का काला सच, कहा- सक्सेस के नशे में चूर थे...**
मौसमी और राजेश खन्ना ने 'अनुराग', 'प्रेम बंधन' और 'भोला भाला' जैसी फिल्मों में स्क्रीन शेयर किया। ऐसे में अब मौसमी ने अपने हाल ही में एक बातचीत में एक्ट्रेस ने राजेश खन्ना ...
Live Hindustan

Promoted Links by Taboola

अगला लेख

# उरई में क्लब मार्केट के बाहर युवकों में मारपीट, वीडियो वायरल

Jun 19, 2025 09:37 am IST
**Newswrap हिन्दुस्तान**, उरई

Preferred

Orai News - उरई में क्लब के बाहर दो युवकों के बीच मामूली कहासुनी से शुरू हुई तकरार ने मारपीट का रूप ले लिया। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन...

Story continues below advertisement



उरई। संवाददाता उरई क्लब के बाहर मामूली कहासुनी ने देखते ही देखते तकरार और फिर जबरदस्त मारपीट का रूप ले लिया। इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। वहीं, मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे लेकर पुलिस हरकत में आ गई है। हालांकि आपका अपना अखबार हिन्दुस्तान इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। बुधवार रात शहर के मुख्य अंबेडकर चौराहा के आगे क्लब मार्केट के बाहर दो युवक किसी बात को लेकर आपस में उलझ गए। शुरुआती कहासुनी धीरे-धीरे बढ़ती गई और देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई।

Story continues below advertisement

घटना में कई युवक लात-घूंसों और डंडों से एक-दूसरे पर टूट पड़े। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पहले दोनों पक्षों में बहस हुई, लेकिन कुछ ही मिनटों में यह विवाद इतना बढ़ गया कि एक-दूसरे पर हिंसक हमला कर बैठे। राहगीरों और आसपास के दुकानदारों ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन स्थिति काबू से बाहर होती चली

गई। इस पूरी घटना का एक वीडियो किसी राहगीर ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे दोनों पक्षों के युवक एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं और क्लब के बाहर भरे हुए पानी में भी एक दूसरे के साथ हाथापाई कर रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद उरई कोतवाली पुलिस सक्रिय हो गई है। पुलिस का कहना है कि वीडियो के आधार पर मारपीट में शामिल युवकों की पहचान की जा रही है। जल्द ही दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उरई कोतवाल अरुण कुमार रॉय के अनुसार घटना की जानकारी मिलते ही जांच शुरू कर दी गई है। जो भी युवक इस मारपीट में शामिल पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हम वीडियो फुटेज की सहायता से पहचान सुनिश्चित कर रहे हैं।

**Voice of UP 🎤: यूपी का सबसे बड़ा Talent Contest— Register करो, talent दिखाओ ✨ Download App**

और पढ़ें

Top Performing Section common

Hindi News Career Astrology Uttar Pradesh Cricket National NCR Entertainment Business Lifestyle Bihar Web Stories Auto Gadgets International Rajasthan Weather Madhya Pradesh Maharashtra Photos Videos Results

State

Haryana News Uttarakhand News Jharkhand News MP News UP News Bihar News Delhi News Maharashtra news Rajasthan News Election Schedule Weather Independence day quiz

Astrology

Astrology News Aaj Ka Rahifal Aaj Ka Panchang Ank Jyotish Vastu Tips Aaj Ka Tula Rashifal Aaj Ka Kumbh Rashifal Aaj Ka Mesh Rashifal Aaj Ka Vrishabh Rashifal God Shiva 2026 Horoscope ग्रह गोचर 2026 2026 में ग्रहण हिन्दू कैलेंडर 2026 Long Weekends in 2026 Hanuman Chalisa Bajrang Baan Shani Chalisa Numerology Prediction Panchang Mahamrityunjay Mantra Shiv Ji Ki Aarti Shiv Stuti

Business

Business News Share Market Petrol Prices Diesel Prices ITR Personal Investment Budget Market Stats

Career

बोर्ड रिजल्ट्स 2026 बिहार बोर्ड रिजल्ट 2026 यूपी बोर्ड रिजल्ट 2026 राजस्थान बोर्ड रिजल्ट 2026 Career News Education Engineering Medical

Board Result

बोर्ड रिजल्ट्स 2026 Uttar Pradesh Board Result Bihar Board Result Madhya Pradesh Board Result Assam Board Result Odisha Board Result Telangana Board Result Tamilnadu Board Result Himachal Board Result CBSE Board Result Jharkhand Board Result Rajasthan Board Result Maharashtra Board Result Haryana Board Result Chhattisgarh Board Result West Bengal Board Result Andhra Pradesh Board Result Gujarat Board Result Punjab Board Result Uttarakhand Board Result CISCE Board Result Bihar Board 10th Result 2026 Bihar Board 12th Result 2026 CBSE 10th Result 2026 CBSE 12th Result 2026 Chhattisgarh Board 10th Result Chhattisgarh Board 12th Result Gujarat Board 12th Result Gujarat Board 10th Result Haryana Board 10th Result Haryana Board 12th Result Himachal Pradesh 10th Result 2026 Himachal Pradesh 12th Result 2026 Jharkhand Board 10th Result 2026 Jharkhand Board 12th Result 2026 Jharkhand Board Inter Commerce Result 2026 Jharkhand Board Inter Arts Result 2026 MPBSE 10th Result MPBSE 12th Result 2026 Maharashtra SSC Result 2026 Maharashtra HSC Result 2026 Punjab Board 10th Result

Punjab Board 12th Result Rajasthan Board 10th Result Rajasthan Board 12th Arts Result Rajasthan Board 12th Commerce Result
Rajasthan Board 12th Science Result Rajasthan Board 5th Result Rajasthan Board 8th Result UP Board 10th Result 2026 UP Board 12th Result 2026
Uttarakhand 10th Result 2026 Uttarakhand 12th Result 2026

Entertainment

Entertainment News TV News Web Series Movie Review Bigg Boss

Cricket

क्रिकेट शेड्यूल T20 वर्ल्ड कप 2026 T20 वर्ल्ड कप 2026 शेड्यूल T20 वर्ल्ड कप 2026 प्वाइंट टेबल T20 वर्ल्ड कप 2026 टॉप गेंदबाज़ T20 वर्ल्ड कप 2026 टॉप बल्लेबाज़
क्रिकेट न्यूज़ लाइव क्रिकेट स्कोर

Lifestyle

Lifestyle Tips Health Fashion Parenting tips Travel Fitness

Web Stories

Entertainment Sports Health Trending Beauty Faith

Connect with us Download App

आरएसएस | विज्ञापन रेट | हमारे साथ काम करें | हमारे बारे में | संपर्क करें | गोपनीयता | साइट जानकारी

Advertise with us | About us | Careers | Privacy | Contact us | Sitemap | Code Of Ethics

Partner sites: Hindustan Times | Mint | HT Tech | Shine | HT Telugu | HT Bangla | HT Tamil | HT Marathi | HT Auto | Healthshots | HT Smartcast | FAB Play

Copyright © 2026 HT Digital Streams Limited. All Rights Reserved.

Privacy and cookie settings